भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2933
उत्तर देने की तारीख 10 जुलाई, 2019

बीएसएनएल मोबाइल नेटवर्क

2933. श्री के. नवासखनीः
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बीएसएनएल मोबाइल नेटवर्क शहरी क्षेत्रों में भी कथित तौर पर अप्रभावी है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) और (ख) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) तिमाही निष्पादन मॉनिटरिंग रिपोर्ट (पीएमआर) के माध्यम से समय-समय पर जारी सेवा-गुणवत्ता (क्यूओएस) विनियमों के मद्देनजर ट्राई द्वारा निर्धारित विभिन्न सेवा-गुणवत्ता (क्यूओएस) मानदण्डों के बेंचमार्क के प्रति दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के कार्य-निष्पादन की निगरानी करता है, जिसमें बीएसएनएल भी शामिल है।

मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए ट्राई द्वारा जारी अद्यतन पीएमआर के अनुसार, सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा हेतु बीएसएनएल केवल पश्चिम बंगाल सेवा क्षेत्र में "नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर स्थानिक वितरण माप या डीसीआर नेटवर्क_क्यूएसडी (90,90) (बेंचमार्क 2%)" और "नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर अस्थायी वितरण माप या डीसीआर नेटवर्क_क्यूटीडी (97,90) (बेंचमार्क $\leq$ 3%)" को छोड़कर अपने सभी लाइसेंस सेवा क्षेत्रों (एलएसए) में मानदण्डों के बेचमार्क को पूरा कर रहा है।

मोबाइल सेवाओं में और सुधार करने के लिए बीएसएनएल द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए है:

(i) बीएसएनएल कवरेज और सेवा-गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपने मोबाइल नेटवर्क में लगातार वृद्धि कर रहा है।

(ii) बीएसएनएल अपने निष्पादन के लिए नियमित रूप से अपने नेटवर्क का इष्टतम उपयोग कर रहा है।

(iii) बीएसएनएल नियमित रूप से कम सिग्नल वाले क्षेत्रों में सर्वेक्षण करता है और तकनीकी-वाणिज्यिक आधार पर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु सुधारात्मक उपाय करता है।

******